## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश से जनजीवन प्रभावित, वज्रपात से चार की मौत, आज भी तेज हवा के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी।**
2. **विधानसभा के बजट सत्र में आज कई विभागों की अनुदान मागों और कटौती प्रस्ताव पर होगी चर्चा, कई मुद्दों पर आज भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक के आसार।**
3. **आईआईटी रुड़की ने जारी किया गेट–2025 का रिजल्ट, धनबाद के अमलान देशभर में अव्वल, वैष्णवी तीसरे स्थान पर।**
4. **साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, देवघर और जामताड़ा से 19 अपराधी गिरफ्तार।**
5. **झारखंड अस्मिता महिला हॉकी का लीग चरण संपन्न, आज खेले जायेंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले।**

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से ही तेज हवा के साथ रुक–रुक कर बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान पलामू, गुमला, लोहरदगा और देवघर में वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गयी। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में 23 मार्च तक तेज हवा के साथ बारिश होने और कहीं–कहीं ओलावृष्टि और वज्रपात का औरेंज अलर्ट जारी किया है। बेमौसम बारिश ने किसानों को परेशान किया।

********************

हजारीबाग में बेमौसम बारिश का असर खेती–किसानी पर पड़ा है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण धनिया, सरसों और गेहूं की तैयार फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।

********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज 15वां दिन है। आज विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्तावों पर चर्चा सदन की कार्यसूची में शामिल है। इसके अलावा प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने–अपने क्षेत्र के मुद्दे सदन में उठायेंगे और सरकार से उनपर जवाब मांगेंगे।

********************

झारखंड हाईकोर्ट में प्लस टू हाई स्कूलों में शिक्षकों के स्वीकृत 1033 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। प्रार्थियों की ओर से इन पदों पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का आदेश देने का आग्रह अदालत से किया है।

********************

आईआईटी रुड़की ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग, गेट–2025 का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें झारखंड के छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। आईआईटी आईएसएम धनबाद के केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र अमलान कुमार त्रिपाठी को देशभर में पहला स्थान मिला है। वहीं माइनिंग इंजीनियरिंग कर रही वैष्णवी बंसल को तीसरा स्थान मिला है।

********************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने देवघर और जामताड़ा जिले से 19 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। देवघर से 12 साइबर अपराधी पकड़े गये हैं जबकि जामताड़ा से सात अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक एहतेशाम

बकारिब ने बताया कि अपराधियों के पास से सात आइफोन समेत 32 मोबाइल बरामद किये गये हैं। इसके अलावा कई अन्य आपत्तिजनक चीजें भी मिली हैं।

********************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 25 मार्च को होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग ने दी है। विभाग के मुताबिक कैबिनेट की बैठक शाम 4 बजे अथवा विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद होगी। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए जा सकते हैं।

********************

उपराजधानी दुमका में नशा के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी करवाई की है। अनुमंडल दंडाधिकारी कौशल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के दुधानी चौक के समीप तीन दवा दुकानों में छापेमारी की और बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित और वैसे काफ सिरप और टैबलेट बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है। एसडीएम श्री कुमार ने बताया कि तीनों दवा दुकानों को सील कर दिया गया है। इस मामले में दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया।

********************

गुमला जिले में आज पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। जांच शिविरों में मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के द्वारा स्थानीय नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परामर्श, उपचार और आवश्यक दवाइयां प्रदान की जाएगी।

********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- विधान सभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनसे संबंधित विधायी कार्यों के लिये मंत्री सुदिव्य कुमार को प्राधिकृत किया गया है।
- बाल सुधार सह सम्प्रेषण गृह देवघर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार और उपायुक्त विशाल सागर ने संयुक्त रूप से प्रोजेक्ट बेटी का शुभारंभ किया गया।
- रांची के बुंडू थाना क्षेत्र में एक तेज रफ़्तार कार ने वृद्ध महिला और पुरुष को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनो वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को रिम्स में भर्ती कराया गया है।

********************

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 नयी दिल्ली में शुरु हो गया है। इसमें झारखंड समेत 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 13 सौ से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेलो इंडिया के अंतर्गत देश में खेलों के बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है और खिलाडियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में धनबाद के बजरंगी प्रियरंजन और रामगढ़ के बिट्टू कुमार झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

********************

रांची में खेली जा रही झारखंड अस्मिता महिला हॉकी लीग में नॉक आउट चरण की टीम तय हो गयी है। जूनियर वर्ग में हजारीबाग, खूंटी, सिमडेगा और बोकारो की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। जबकि सब जूनियर वर्ग में रांची, खूंटी, सिमडेगा और बोकारो क्वार्टर फाइनल में जगह बना पाने में सफल रहे हैं। इन टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले आज खेले जायेंगे।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में बदले मौसम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **हिन्दुस्तान** ने लिखा है– रांची समेत 10 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश, ठनका से चार मरे।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– बढ़ेंगी राइस मिलें, किसानों को धान का पैसा एकमुश्त मिलेगा।

**दैनिक भास्कर** ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के हवाले से लिखा है– डाक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों के खाली पद भरेंगे, एक साल में 10 हजार नियुक्तियां होंगी।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– छतीसगढ़ में 30 नक्सली ढेर।

**********************